Tender Heart High School, Sector-33 Chandigarh.

कक्षा - तीसरी

विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - विलोम शब्द



शिक्षिका - कल्पना शर्मा

सुप्रभात बच्चो



यह पाठ कक्षा तीसरी, विषय - हिन्दी व्याकरण, उपविषय 'विलोम शब्द' से लिया गया है।

बच्चो! आज हम 'विलोम शब्द यानि उलटे अर्थ वाले शब्दों' के बारे में पढ़ेंगे। विलोम शब्द को अंग्रेज़ी में (Opposite word) कहते हैं। आपने पिछली कक्षा में भी इन विलोम शब्दों के बारे में पढ़ा होगा। आज हम फिर से इनके बारे में पढ़ेंगे। सभी बच्चे हिन्दी व्याकरण की नोटबुक भी अपने पास रख लें। पाठ के बीच में मैं आप से कुछ प्रश्न पूछूंगी जिनके उत्तर आप अपनी नोट बुक में लिखोगे। चलिए, अब पढ़ना शुरू करते हैं। चित्रों के नीचे लिखे शब्दों को ध्यान से पढ़िए।



दिन रात बड़ा छोटा मोटा पतला


गरम ठंडा हँसना रोना

कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - विलोम शब्द

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

ऊपर दिए शब्दों में दिन - रात, बड़ा - छोटा, मोटा - पतला, गरम - ठंडा तथा हँसना - रोना शब्द एक - दूसरे के उलटे अर्थ बता रहे हैं। अर्थात्-

एक - दूसरे का उलटा अर्थ बताने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं।

बच्चों, चलिए अब पाँच मिनट की ब्रेक लेते हैं। ब्रेक लेने से पहले मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछने जा रही हूँ जिनके उत्तर आप अपनी हिन्दी व्याकरण की नोट बुक में लिखेंगे।

प्रश्न 1. एक - दूसरे का उलटा अर्थ बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-
क) दिन ख) ठंडा ग) हँसना घ) मोटा।

बच्चो! अब आप ऑडियो / वीडियो को पाँच मिनट के लिए रोक सकते हैं।

(ब्रेक का समय समाप्त)

बच्चो! अब अपने विषय की चर्चा को आगे बढ़ाने से पहले मैं आपको ऊपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बता देती हूँ।

उत्तर-1: एक - दूसरे का उलटा अर्थ बताने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं।

उत्तर 2: क) दिन - रात ख) ठंडा - गरम ग) हँसना - रोना
घ) मोटा - पतला।

कक्षा - तीसरी

विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - विलोम शब्द

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

बच्चों, आइए कुछ अन्य विलोम शब्द पढ़ते हैं।

| | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|
| 1. | आगे | पीछे |
| 2. | अंदर | बाहर |
| 3. | दूर | पास |
| 4. | सूखा | गीला |
| 5. | बड़ा | छोटा |
| 6. | प्रश्न | उत्तर |
| 7. | गरम | ठंडा |
| 8. | रात | दिन |
| 9. | ऊपर | नीचे |
| 10. | मोटा | पतला |
| 11. | हँसना | रोना |
| 12. | आना | जाना |
| 13. | नया | पुराना |

कक्षा - तीसरी

विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - विलोम शब्द

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

| शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|
| 14. हार | जीत |
| 15. हलका | भारी |

गृहकार्य → * सभी विद्यार्थी ऊपर लिखे विलोम शब्दों को अपनी हिन्दी व्याकरण की नोट बुक में लिखेंगे व याद करेंगे।

* इस लिखित कार्य को सभी बच्चे दो-तीन बार पढ़ेंगे व समझने का प्रयास करेंगे।

(Last Page)